# सराहनीय कार्य दिनाँक 16-10-2025 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम व एसओजी/सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए शातिर चोर/लुटेरे 03 अभियुक्तगण 1.नासिद उर्फ लंगडा व 2.शाहरूख को पुलिस मुठभेड़ के दौरान एवं 3.यूनिस उर्फ गुलफाम उर्फ अमीन को मौके से किया गया गिरफ्तार ।
- अभियुक्तगण के कब्जे से 03 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस ,05 जिंदा कारतूस, 01 लूट की मोटर साइकिल व लूटा हुआ 01 मोबाइल फोन बरामद ....
- शातिर अभियुक्त यूनिस के विरुद्ध विभिन्न जनपदों के थानों में एक दर्जन से अधिक अभियोग है पंजीकृत.....
- घायल अभियुक्तगण को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भर्ती कराया गया !

दिनांक 11-10-2025 को वादी द्वारा वादी से थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत नीमखेरिया की पुलिया से हुई लूट के सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद पर तहरीर दी गयी थी । जिसके आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 702/2025 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

उक्त घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था । इसी क्रम में दिनांक 16-10-2025 को अपराधों की रोकथाम एंव वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु चलाने जा रहे अभियान के दौरान थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को मुखबिर खास ने सूचना दी कि थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 702/2025 धारा 309(4) में वांछित अभियुक्तगण मोटरसाइकिल से, फिर से आज घटना करने की फिराक में ड़ाहिनी बाम्बा की पटरी के पास शिकोहाबाद में घूम रहे है । सूचना पर तत्काल थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम व एसओजी/सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा छीछामई नहर पटरी के पास सघन चैकिंग अभियान चलाया गया । तभी एक मोटरसाईकिल पर 03 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जिन्हे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया । पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार बदमाश भागने लगे जिससे हडबडाहट में मोटरसाईकिल फिसलकर गिर गयी पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा की गयी फायरिंग में 02 अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गये व 01 अभियुक्त को पुलिस टीम द्वारा (मोटरसाइकिल गिरने के कारण) घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया । घायल व्यक्तियों की पहचान थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 702/2025 धारा 309(4) में वांछित अभियुक्तगण के रुप में हुई है । अभियुक्तगण के कब्जे से 03 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस ,05 जिंदा कारतूस, 01 लूट की मोटर साइकिल व 01 मोबाइल फोन, आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेन्स बरामद हुआ है । घायल अभियुक्तगण को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण-

1.नासिद उर्फ लंगडा पुत्र नकीम उर्फ हरजू निवासी बडा हार थाना घिरोर जनपद मैनपुरी।
2.शाहरूख पुत्र यूनिस निवासी बडा हार थाना घिरोर जनपद मैनपुरी।
3.यूनिस उर्फ गुलफाम उर्फ अमीन निवासी बडा हार थाना घिरोर जनपद मैनपुरी।

## बरामदगी –

1. 03 अवैध तमंचा 315 बोर।
2.05 जिन्दा कारतूस।
3.02 खोखा कारतूस।
4.01 लूट की मोटर साइकिल व मोबाइल फोन।
5.आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेन्स।

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त यूनिस -

1.मु0अ0सं0 346/15 धारा 379 भादवि थाना रूरा कानपुर देहात।
2.मु0अ0सं0 33/16 धारा 397/307/511 भादवि थाना सिकन्दरा कानपुर देहात।
3.मु0अ0सं0 36/16 धारा 397/307/511 भादवि थाना सिकन्दरा कानपुर देहात।
4.मु0अ0सं0 67/16 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिकन्दरा कानपुर देहात।
5.मु0अ0सं0 84/16 धारा 379 भादवि थाना डेरापुर कानपुर देहात।
6.मु0अ0सं0 64/17 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिछवां मैनपुरी।
7.मु0अ0सं0 76/19 धारा 392/411 भादवि थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।
8.मु0अ0सं0 79/19 धारा 307 भादवि थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।
9.मु0अ0सं0 80/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट भादवि थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।
10.मु0अ0सं0 357/19 धारा 379 भादवि थाना सिकन्दरा कानपुर देहात।
11.मु0अ0सं0 367/19 धारा 379 भादवि थाना सिकन्दरा कानपुर देहात।
12.मु0अ0सं0 01/20 धारा 379/411/420/467/468/471 भादवि थाना अकबरपुर कानपुर देहात।
13. मु0अ0सं0 702/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त शाहरुख -

1.मु0अ0सं0 357/19 धारा 379 भादवि थाना सिकन्दरा कानपुर देहात।
2.मु0अ0सं0 367/19 धारा 379 भादवि थाना सिकन्दरा कानपुर देहात।
3.मु0अ0सं0 01/20 धारा 379 भादवि थाना अकबरपुर कानपुर देहात।
4. मु0अ0सं0 702/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त नासिद -

1.मु0अ0सं0 702/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

01. प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
02. निरीक्षक प्रेमशंकर पांडे प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय टीम।
03. उ0 नि0 मनमोहन शर्मा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
04. उ0 नि0 अरविंद कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
05. उ0 नि0 रोहित थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
06. उ0 नि0 मधुबाला थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
07. उ0 नि0 रजत तोमर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
08. है0का अमित उपाध्याय सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
09. है0का गोपाल सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
08. आ0 विजय कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
09. आ0 अभिषेक थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
10. होम गार्ड कौशल थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।